




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 194 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 30 अप्रैल 2025 | मूल्य 2 रुपया


## किसान को लोडिंग ने कुचला, मौत

**नीमच, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी के औषधि क्षेत्र में सो रहे किसान को लोडिंग टैंपो ने दो बार कुचल दिया। किसान पर एक बार गाड़ी चढ़ाने के बाद ड्राइवर को अहसास हुआ कि गाड़ी के नीचे कुछ आ गया। इसके बाद उसने रिवर्स ले लिया। इससे वह दोबारा उसकी चपेट में आ गया। इससे किसाने की मौके पर ही मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह 06 बजे की है। मंदसौर जिले के बनी गांव से मोहनलाल पिता शोभाराम उम्र 52 वर्ष सोमवार शाम को अश्वगंधा की उपज लेकर नीमच मंडी पहुंचे थे। देर होने पर उनकी उपज नहीं बिकी। वे मंडी में ही तिरपाल बिछाकर सो गए। इस दौरान राजस्थान के झालावाड़ से आए एक लोडिंग टैंपों पर ड्राइवर ने उन्हें कुचल दिया। जिस समय ये हादसा हुआ उस समय मंडी में कई लोग मौजूद थे। लेकिन, घटनास्थल पर पहुंचने या मदद के लिए आगे आने से बच रहे थे। हादसे का 03 मिनट से ज्यादा का वीडियो सामने आया है। मामले में पुलिस ने जांच उपरांत लोडिंग जप्त करते हुए ड्रायवर को हिरासत में लिया है।

# संपदा 2.0: सर्वर का तनाव बरकरार...!

## कर्मचारी से लेकर सर्विस प्रोइडर तक सभी परेशान

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पंजीयन विभाग ने अपने आपको अपडेट करते हुए संपदा 2.0 तो लांच कर दिया। लेकिन, सर्वर का तनाव बरकरार है। पंजीयक विभाग और सर्विस प्रोवाइडरों का सर्वर बार-बार डाउन और बंद होने की गड़बड़ी से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वह भी तब जब संपदा 2.0 पूर्ण रूप से लागू हो चुका है। दिक्कतें कम होने की जगह बढ़ गई है।

नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत से ही सर्वर व पोर्टल परेशान कर रहा है और सप्ताहभर बाद काम करना शुरू किया था। जब शुरू हुआ तो भी दिक्कतें कम होने की जगह आए दिन अधिकारी-कर्मचारी से लेकर सर्विस प्रोवाइडर व




लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि पोर्टल को अपडेट करने व कमियां सुधारने के कारण यह स्थिति बन रही है। क्योंकि, इसी समय दस्तावेज पंजीयन का भी काम होता है। इससे सर्वर लोड नहीं लेने के कारण दिक्कत दे रहा है। नया वित्तीय वर्ष 2025-26 के साथ ही पंजीयक विभाग द्वारा प्रदेश सहित मंदसौर जिले में भी जमीन की सरकारी दर अर्थात कलेक्टर गाइडलाइन लागू करने के साथ ही संपदा 1.0 को पूर्ण रूप से बंद कर संपदा 2.0 पर काम शुरू कर दिया। पहले तो सप्ताहभर संपदा 2.0 के सॉफ्टवेयर को अपडेट करने सहित अन्य शाखाओं को जोड़ने के कारण बंद रहा है। जब काम शुरू हुआ तो पंजीयक विभाग के साथ सर्विस प्रोवाइडरों का संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर सर्वर बार-बार धीमा चलने और बंद होने के कारण परेशानी बढ़ गई। इसे लेकर सर्विस प्रोवाइडर स्थानीय स्तर से लेकर वरिष्ठ कार्यालय और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तक को अपनी परेशानी बताने के साथ ज्ञापन दे चुके हैं। फिर भी हालात नहीं सुधर पा रहे हैं। दिनभर में 40 दस्तावेज पंजीयन करवाने में ही परेशानी आ रही है।

### एक घंटे का इंतजार...

दावा है कि नए संपदा 2.0 में दस्तावेज पंजीयन 2 से 5 मिनट में हो जाते हैं। हकीकत यह है कि अधिकांश लोगों को आधे से एक घंटा तक इंतजार करना पड़ रहा है। कई बार तो नंबर निकल जाने से देर शाम तक लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है। एक सप्ताह से लोगों को ज्यादा दिक्कत आ रही है। पिछले सप्ताह के अंत में शुक्रवार को मुश्किल से कुछ काम हुआ। इसके बाद दो दिन शनिवार-रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को कार्यालय खुला तो कहीं ज्यादा लोगों को दस्तावेज पंजीयन करवाना था। लेकिन, दोपहर तक दावों के मुताबिक बहुत कम स्लॉट ही बुक हो पाए। विभाग का सर्वर धीमा चल रहा था, जबकि सर्विस प्रोवाइडर वाला सर्वर तो बार-बार बंद होने के साथ प्रक्रिया से बाहर कर देता था। इससे स्लॉट बुक तक नहीं हो पाए। यही स्थिति मंगलवार को भी रही।



# पुलिस व गौरक्षक कर रहे थे गौवंश से भरी पिकअप का पीछा, रेलवे पटरी पर फंसी

## एक-एक घंटे लेट हुई यात्री ट्रेनें, बड़ा हादसा टला, ठूंस-ठूंस कर भर रखे थे गौवंश

**पिपलिया मंडी, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** फिल्मी स्टाइल में पुलिस व गौरक्षकों ने हाईवे पर एक पिकअप का पीछा किया। इस दौरान गौवंश से भरी पिकअप सड़क से नीचे उतरकर रेलवे पटरी के पास पहुंचकर फंस गई। संयोगवश पिकअप जिस समय रेलवे पटरी के पास पहुंची, उस समय दोनों ओर से यात्री ट्रेनों के भी पिपलिया आने का समय था। जिन्हें पुलिस ने सूचना देकर स्टेशनों पर ही रुकवाकर बड़ा हादसा होने से बचा लिया।

जानकारी के अनुसार गौवंश भरकर महाराष्ट्र कत्लखाने ले जाए जाने की सूचना पर मंगलवार सुबह 05 बजे करीब मल्हारगढ़ पुलिस के साथ गौरक्षा दल के प्रदेश प्रवक्ता हेमेन्द्रसिंह राठौड, कृष्णपालसिंह पंवार, हेप्पी बना, सचिन नागदा, हर्षराजसिंह हाड़ा, लोकेश नागदा, उमेश सैनी ने मल्हारगढ़ में बेरीकेटस लगाए। लेकिन, तेजगति से पिकअप ड्राइवर बेरिकेट्स तोड़ता हुआ नीमच से मंदसौर की ओर भाग निकला। गौरक्षक व पुलिस ने पिकअप क्रमांक एमपी 43 जेडजी 7669 का पीछा किया। इस दौरान पिकअप ड्राइवर हाईवे से नीचे उतर गया और खात्याखेडी मार्ग से पिपलिया की ओर भागा। तेजगति होने के कारण संतुलन बिगडने से वह खात्याखेड़ी में रेलवे ब्रिज के नीचे रेलवे पटरी के पास पहुंच गया। पटरी के पास फंस जाने के बाद पिकअप सवार तीन पशु तस्कर पिकअप को छोड़कर भाग निकले। पिकअप की तलाशी ली तो उसमें लकड़ी के पटिए से दो पार्टीशन बने थे। जिसमें नीचे गौवंश को बेहोशी के इंजेक्शन लगाकर ठूसकर क्रूरतापूर्वक भर रखा था। वहीं उपर 12 प्लास्टिक के ड्रम रखे थे। चूकि उस समय दोनों और यात्री ट्रेनों के आने का भी समय था, पिकअप के पटरी के पास फंस जाने से दुर्घटना की आशंका को देखते हुए पीछा कर रही मल्हारगढ़ पुलिस के अधिकारी ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल इसकी सूचना पिपलिया रेलवे स्टेशन पर दी। स्टेशन अधीक्षक फरहतुल्लाह खान ने दोनों और से आ रही ट्रेनों को पिपलिया व मल्हारगढ़ प्लेटफार्म पर ही रुकवा दिया।

मंदसौर से उदयपुर जाने वाली ट्रेन को सुबह 5.40 बजे पिपलिया स्टेशन प्लेटफार्म पर ही रोक दिया। वहीं उदयपुर रतलाम ट्रेन के 5.37 पर पिपलिया पहुंचने का समय था, जिसे मल्हारगढ़ स्टेशन पर ही रुकवा दिया। सूचना पर पिपलिया चोकी प्रभारी धर्मेश यादव के अलावा आरपीएफ मंदसौर के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। बाद में कुछ दूरी पर पेयजल पाइप लाइन डालने के लिए लगी हुई क्रेन मशीन को बुलवाकर पिकअप को रेलवे ट्रेक से हटवाया। तब जाकर एक - एक घंटे बाद दोनों यात्री गाड़ियों रवाना किया गया। पिपलिया मंडी चौकी पुलिस ने पिकअप छोड़कर फरार हुए पशु तस्करों के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम में केस दर्ज किया है। पिकअप में 10 गौवंश भरे थे। जिसमें आठ गौवंश को पकड़कर गौशाला भिजवा दिया, वहीं दो गौवंश दुर्घटना के बाद मौके से भाग गए। रेलवे पुलिस ने भी पंचनामा बनाया है। रेलवे अधिनियम की धाराओं में भी केस दर्ज होगा और जुर्माना वसूली की कार्रवाई होगी।



# बगैर लायसेंस खरीद रहे किसानों से उपज, व्यापारियों को लग रही चपत

### आरोपी को अदालत ने जैल भेजा

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** करोड़ो रूपए का राजस्व कमाने वाली मंदसौर कृषि उपज मंडी की व्यवस्थाओं पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। कहीं किसानों का प्रदर्शन तो कहीं व्यापारियों के ज्ञापन मंडी प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। यहां मामला है बगैर लायसेंस किसान से उपज खरीदने का। अभी तक फर्जी पर्चियों से व्यापारियों को ठगने का काम चल रहा था। इसको लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। इस बार नया मामला सामने आया है। यहां किसान से एक व्यापारी ने उपज खरीदी। लेकिन, एक अन्य युवक ने लायसेंस नहीं होने के बाद भी किसान से वही उपज खरीद ली। पता चलने के बाद व्यापारी ने आरोपी राजू पिता सूरजमल कहार निवासी हैदरवासको मंडी प्रबंधन के हवाले किया। मंडी प्रबंधन ने उसे पुलिस के हवाले किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जैल भेज दिया गया। इस बार रौनक ट्रेडिंग .... शेष पेज 4 पर

# आखातीज आज: करोड़ों के व्यापार की संभावना

### बाजार सजकर तैयार, अबूझ मुहूर्त में होगी खरीदारी

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अक्षय तृतीया अर्थात आखातीज का पर्व आज बुधवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। आखातीज पर खरीदारी का अबूझ मुहूर्त के चलते बाजार में अच्छी खासी चहल पहल देखी जा रही है। शहर की सराफा व साड़ी, सूट, रेडिमेड दुकानों पर खासी भीड़ दिखाई दे रही है। इस बार अक्षय तृतीया पर लग्न भी अच्छे हैं। इसके चलते इस बार की अक्षय तृतीया पर करोड़ो का व्यापार रहने की उम्मीद जताई जा रही है। अबूझ मुहूर्त का इस बार लग्नसरा का जोर है। यही कारण है कि शहर के कई मांगलिक भवन व गार्डन बुक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षय तृतीया पर



बड़ी संख्या में सामूहिक विवाह की भी भी है। इसके चलते टेंट, केटरिंग, स्टेज, हलवाई, बैंड व घोड़ी वाले की खासी बुकिंग हो गई है।



# जानलेवा पांच कुएं चिन्हित

**पिपलिया मंडी, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में बिना मुंडेर के कुएं पर हुए हादसे के बाद अब प्रशासन फिर से हरक्त में आया है। मंदसौर संजीत रोड स्थित काचरिया चौपाटी पर हुई घटना में एक दर्जन लोगों की जान गई थी। इसके बाद अतिक्रमण हटाने के साथ ही बिना मुंडेर के कुएं पर मुंडेर तैयार करने की चेतावनी दी गई। पिपलियमांडी चौकी के अंतर्गत आने वाले सभी बिना मुंडेर के कुओं को चिन्हित किया गया। जिसमें पांच डेंजर जोन में है। मंगलवार को सीएमओ प्रवीण सेन व चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने कुआ मालिको को बुलाकर कुओं को भरने के लिए सख्त हिदायत दी। तीन दिन का समय कुआ मालिकों को दिया गया है।

# बिना मुंडेर वाले कुओं पर रतलाम में भी प्रशासन सख्त

**रतलाम, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में हुए वैन हादसे के बाद रतलाम कलेक्टर राजेश बाथम ने बिना मुंडेर वाले कुएं और खुले बोरवेलों को तत्काल बंद कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि बिना मुंडेर के कुएं और बोरवेल की सूचना देने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। बता दें कि कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। जिसमें अधिकारियों को कहा कि बिना मुंडेर वाले कुएं और खुले बोरवेलों को तत्काल बंद कराया जाए। कई बार देखने में आता है कि खुले बोरवेल और कुओं के कारण दुर्घटनाएं घटित हो जाती है। जिससे आमजन को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि खुले कुएं और बोरवेलों की सूचना देने वाले को इनाम दिया जाएगा। जिन व्यक्तियों के कुएं और बोरवेल खुले पाए जाएंगे उन्हें नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी। बंद नहीं किए जाने पर दंडित किया जाएगा।


ब्राह्मण समाज के आराध्य देव

भगवान श्री परशुरामजी

के जन्मोत्सव

के पावन पर्व पर सभी समाजजनों एवं देशवासियों को



हार्दिक शुभकामनाएं

***- बधाईकर्ता - ***



धर्मेन्द्र पाण्डे, झिरकन

एवं पाण्डे परिवार झिरकन, मंदसौर



दिवाकर व्यास

एवं व्यास परिवार, मंदसौर

ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान श्री परशुरामजी जन्मोत्सव के पावन पर्व पर सभी समाजजनों एवं देशवासियों को



हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

*********- बधाईकर्ता - *********

अरविन्द सारस्वत, हितेश शुक्ला, सूरज शर्मा, बाबा पंचोली, राहुल शर्मा, राकेश शर्मा, पंकज गढ़नीस, सतीश शर्मा एवं शर्मा मित्र मंडल मंदसौर-शामगढ़-गरोठ




भगवान परशुराम जयंती की सभी शहरवासियों को

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

******- बधाईकर्ता - *****

शुक्ला ब्रदर्स, मंदसौर



# पूर्व सैनिकों ने पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या पर निकाली आक्रोश रैली

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर द्वारा गांधी चौराहे पर आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। भारत माता की जय के साथ जिहादियों तथा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ।

संगठन के मार्गदर्शक श्रवण कुमार त्रिपाठी द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुए हिंदुओं के प्रति पाकिस्तान मुसलमान का दोहरा रवैया धर्म के आधार पर हत्याएं की जाना शर्मनाक शायद देश में यह पहली बार हुआ कि धर्म जानकर जेहादियों ने पर्यटकों की हत्याएं की जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है जनता में बहुत आक्रोश है। संगठन जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर पालडी ने अपने उद्बोधन में पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुवे अपना रोष वक्त कर कहा कि हम सभी पूर्व सैनिक हाल ही में घटित इस विकट स्थिति में देश के साथ खड़े है अगर सरकार को आज भी देश कि सीमाओं पर पूर्व सैनिकों कि आवश्यकता लगे तो हम तैयार है। आतंकवादियों एवं पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए आज भी हम पूर्व सैनिकों में देश भक्ति का जोश जुनून कूट कूट कर भरा हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता विनय दूबेला ने अपने संबोधन में जय हिंद करते हुए कहा कि यह समय विवादों में उलझने का नहीं है सरकार अपना काम कर रही है हम सरकार पर दबाव बनाएं कि अब या तो हम पीओके लेकर रहेंगे या पाकिस्तान को मिटा के रहेंगे।

डॉ रविंद्र पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि कश्मीर श्री शंकराचार्य की भूमि है इस प्रकार के कार्य वहां की भूमि पर पर नहीं होना चाहिए अगर हो रहे हैं तो चिंता का विषय हम सरकार से आग्रह करेंगे की शीघ्र कठोर कदम उठाकर के पाकिस्तान पर एवं उनके जिहादियों पर कार्रवाई की जाए। सामाजिक कार्यकर्ता राजाराम तंवर, अनिल कियावत, कन्हैयालाल सोनगरा, रेड आर्मी के संस्थापक दीपक राठौर, महिला कार्यकर्ता उम्रा कुमावत सभी ने अपने संबोधन में आक्रोश व्यक्त किया है और सरकार से मांग की है कि शीघ्र इस समस्या का निदान किया जाए एवं इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो यह समस्त नागरिकों की एवं सरकार की जिम्मेवारी है संबोधन कार्यक्रम के बाद सभी बलिदानी पर्यटकों एवं नेवी के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई 2 मिनट का मौन रखा गया कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने किया एवं आभार नरेंद्र खटवड ने माना पूर्व सैनिक भारत सिंह शक्तावत, राजेंद्रसिंह शक्तावत, सन्नी भावसार, प्रहलाद राठौर, ईश्वर पाटीदार, जितेंद्र माली, कारगिल विजेता चंद्रभान सिंह, चुंडावत दशरथ सिंह गुर्जर, मिट्ठूसिंह सिसोदिया, दिनेश पाटीदार, जुगलकिशोर विश्वकर्मा, रामनारायण गुर्जर, शाकिर अहमद, वी आर आचार्य नंदकिशोर मुकेश धनगर सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं शहर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर आज

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** स्व. श्री दलीचंदजी, स्व. श्रीमती कंचनदेवी, स्व. श्री कुंदनलालजी, स्व. श्री गोपालजी गर्ग (केड़िया) की स्मृति में नन्द सेवा संकल्प समिति और श्री प्रहलाद गर्ग फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज 30 अप्रैल बुधवार को प्रात: 9 बजे से 2 बजे तक पियुष ट्रेडर्स, लिटिल किंगडम स्कूल के पास, नईआबादी मन्दसौर पर विशाल नि: शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन रखा गया है।

उक्त जानकारी संस्था अध्यक्ष दयाराम चौहान ने देते हुए बताया कि इस शिविर में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ (ऑर्थो स्पाइन), मूत्र रोग विशेषज्ञ (न्यूरो सर्जन), हार्ड रोग विशेषज्ञ (जनरल फिजिशियन), ऑपरेशन विशेषज्ञ (जनरल सर्जन) अपनी सेवाए देंगे। नन्द सेवा संकल्प समिति और श्री प्रहलाद गर्ग फाउण्डेशन ने अधिक से अधिक संख्या में पधारकर शिविर को सफल बनाने की अपील की है। शिविर में भाग लेने के इच्छुक रोगी अपना पंजीयन अवश्य करवाए एवं अपनी पुरानी जांचे साथ में लाए। समय का विशेष ध्यान दे। शिविर में दवाइयां निशुल्क वितरित की जायेगी।



पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई निर्मम हत्याओं के विरोध में...

# मप्र शिक्षक संघ ब्लॉक शाखा मंदसौर द्वारा प्रदर्शन

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई निर्मम हत्याओं के विरोध में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ब्लॉक शाखा मन्दसौर द्वारा प्रदर्शन कर विरोध जताया।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र मालवीय ने कहा कि पहलगांव में हुआ भीषण आतंकवादी हमला हमारे मन को द्रवित कर देता है आतंकवादियों की इस कायराना हरकत का हम कड़ा विरोध प्रकट करते हैं इस घटना से पूरे समाज में शोक की लहर एवं आक्रोश व्याप्त है। आतंकवादियों ओर उनको प्रशय देने वाले सभी आरोपियों को तत्काल फांसी की सजा दी जाना चाहिए। पूर्व जिला सचिव शंकरलाल आँजना ने कहा आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले एवं भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत सरकार ने जो प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है वह प्रशंसनीय है हमें भारत सरकार पर पूर्ण विश्वास है। और हम सभी यह मांग करते हैं कि भारत सरकार सेना को पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का आदेश दें। जिला कोषाध्यक्ष कांतिलाल राठौर ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस घटना का बदला लिया जाए। बदला लेने के लिए प्रत्येक हिंदुस्तानी तन, मन और धन से सहयोग के लिए तत्पर है। पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या करने के खिलाफ मंगलवार को हायर सेकेण्डरी स्कूल अफजलपुर पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ब्लॉक शाखा मन्दसौर द्वारा आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवादियों को गोली मारो जैसे नारे के साथ विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीरसिंह सिसौदिया ने कहा आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर गोलियां बरसाई और निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की बर्बर हत्या की है वह निंदनीय है अक्षम्य है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ इनकी कायराना हरकत के लिये निंदा प्रस्ताव पारित करता है और पहलगाम में मारे गए सभी 27 हिन्दुओं की आत्मा की शांति के लिए सभी शिक्षकों ने प्रार्थना कर दो मिनट का मौन धारण किया ओर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के सभी दायित्ववान पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सदस्य, शिक्षक बंधु एवं मातृशक्ति कुल 70 की संख्या में उपस्थिति रही।

## विद्यार्थियों के लिये मॉक टेस्ट का आयोजन 5 से

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया द्वारा अपने विद्यार्थियों को सीए परीक्षा मई 2025 की तैयारी हेतु मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीए फाउण्डेशन परीक्षा के विद्यार्थियों के लिये 5 मई से 8 मई तक प्रतिदिन मॉक टेस्ट लिये जायेंगे। मन्दसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया ने बताया कि मन्दसौर ब्रांच द्वारा भी अपने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी हेतु ब्रांच ऑफिस में ही 5 से 8 मई तक प्रतिदिन मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। मन्दसौर ब्रांच सिकासा कमेटी चेयरमैन सीए अर्पित मेहता ने बताया कि मॉक टेस्ट नि:शुल्क रहेगा लेकिन पूर्व में इसके लिये रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। फाउंडेशन परीक्षा के विद्यार्थी सीए ब्रांच ऑफिस में या स्टूडेन्ट ग्रुप के द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। मन्दसौर ब्रांच के उपाध्यक्ष सीए विनय अग्रवाल, सचिव सीए नीतेश भदादा, कोषाध्यक्ष सीए अर्पित नागर व सीपीई कमेटी चेयरमैन सीए सिद्धार्थ अग्रवाल ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों से मॉक टेस्ट में सम्मिलित होने का आव्हान किया है।

# प्रत्येक संभाग में लगेंगे कृषि मेले-मुख्यमंत्री

**3 मई को मंदसौर जिले में लगेगा कृषि मेला, कृषि की उन्नत तकनीकों के साथ-साथ प्राकृतिक खेती का होगा प्रदर्शन**

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने



कहा है किप्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। मध्यप्रदेश कृषि आधारित प्रदेश है, यहां कृषि विकास दर भी बहुत अच्छी है। इसी के दृष्टिगत औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन के साथ-साथ हम कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेले प्रत्येक संभाग में कृषि मेले लगाए जाएंगे। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से होने वाले यह आयोजन उन्नत कृषि तकनीकों, खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों और कृषि में सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित होंगे।

आगामी 3 मई को मंदसौर जिले में वृहद कृषि मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें उन्नत कृषि यंत्र, बीजों के प्रकार, आधुनिकतम यंत्र, खेती की उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन होगा। किसानों को उनकी आय बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती, हार्टिक्लचर, फ्लोरीक्लचर अर्थात् बागवानी, फलोद्यान जैसी गतिविधियां अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ऐसे आयोजनों से खाद्य पदार्थों कीं प्र-संस्करण इकाइयों और कृषि उद्योगों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कृषि के अध्ययन के लिए कृषि विश्वविद्यालय के अतिरिक्त, शेष विश्वविद्यालयों में भी कृषि संकाय आरंभ करविद्यार्थियों के लिये अवसर उपलब्ध कराए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में ये विचार व्यक्त किए।

# गुर्जरबड़िया में जल गंगा संवर्धन के तहत कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन के तहत आयोजित की जा रही कार्यशालाओं की कड़ी में सार्थक संस्था सी एम राइज स्कूल गुर्जरबर्डिया पहुंची। यहां आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने पानी बचाने, पेड़ लगाने, पेड़ों का संरक्षण करने, जल संरक्षण करने, जल स्रोतों को दूषित होने से बचाने की सीख सार्थक संस्था द्वारा सीएम राइज स्कूल में दी ई।

कार्यशाला में छात्रों के साथ अनेक गतिविधियों के माध्यम से उनकी पर्यावरणीय समझ एवं जागरूकता को



परखा गया। 200 से अधिक छात्र इन गतिविधियों के सहभागी बने। छात्रों को क्विज के लिए धरा, वसुंधरा, पृथ्वी, पवन चार समूहों में बांटा गया। सार्थक संस्था की श्रीमती रचना दोषी, चंद्रकला सिंह, अंजना पटेल और श्री अनंत तारे द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड एवं इको फ्रेंडली उपहार देकर सम्मानित किया गया। सार्थक की संस्थापक डॉ उर्मिला तोमर ने अपने उद्बोधन में छात्रों को कहा पानी बचाया जा सकता है बनाया नहीं जा सकता, भूजल स्तर में वृद्धि के सभी उपायों को अपनाना अब अनिवार्य हो गया है। साथ ही प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों पर भी छात्रों को जागरूक किया गया। ग्रीष्म अवकाश में सभी छात्र-छात्राएं अपने आसपास बिखरे हुए प्लास्टिक पन्नियों को एकत्रित कर ईको ब्रिक्स का निर्माण करें, इससे आप अपने पानी के स्रोतों को प्लास्टिक प्रदूषण से बचा सकेंगे। सीएम राइज स्कूल गुर्जरबर्डिया के प्राचार्य श्री राजेश मिश्रा एवं स्टाफ सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर सार्थक संस्था के सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री पाटीदार द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य भी आयोजन के सहभागी बने।



## राज्यसभा सांसद गुर्जर पहुंचे कयामपुर

**कयामपुर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मैंनरोड बस स्टैंड स्थित श्री कैलाश चंद्र रामगोपाल मोदी की किराना की बड़ी होलसेल दुकान में सोमवार को देर रात्रि मे शॉर्ट शर्किट के कारण लगी आग साथ ही आग लगने का कारण अज्ञात भी बताया जा रहा आग लगने के दौरान पूरा परिवार घर मैं मौजूद था ईसी घटना को लेकर मंगलवार सुबह राज्य सभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, पोरवाल समाज युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया, पोरवाल समाज के वरिष्ठकार्यकर्ता श्री मनोज पोरवाल, राजेश मोदी, प्रदेश उपाध्यक्ष कारूलाल उदिया, प्रदेश सचिव राहुल रत्नावत सहित कही समाजसेवी जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने मौके पर घटना को देखते हुए भावुक हुवे साथ ही कहा की बहुत दुखद घटना हुई और साथ ही परिवार जनों को हिम्मत रखने का आश्वासन दिया।

# 10वीं व 12वीं के रिजल्ट पर आया अपडेट

**भोपाल, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। बता दें कि इस बार मूल्यांकन केंद्र मालव कन्या उमावि में 10वीं और 12वीं की कुल 3 लाख 4 हजार 511 कॉपियां जांच के लिए अन्य जिलों से आई थीं। शुक्रवार तक 2 लाख 84 हजार एक कॉपियां जांची जा चुकी हैं। इस बार मूल्यांकन कार्य 25 अप्रैल तक पूरा किया जाना था, जिसे चार दिन पहले ही पूरा कर लिया गया है। इस बार परीक्षा मूल्यांकन कार्य 13 मार्च से शुरू हुआ था।

**5वीं-8वीं के पुनर्गणना के संशोधित अंक पोर्टल पर जल्द करें जारी-**प्रदेश में 5वीं और 8वीं वार्षिक मुख्य परीक्षा सत्र 2024-25 की उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्गणना प्रक्रिया के लिए 21 अप्रैल तक आवेदन किए गए। अब मूल्यांकन केंद्र के अधिकारियों को सभी आवेदनों की पुनर्गणना के बाद संशोधित प्राप्तांकों की एंट्री पोर्टल पर सोमवार तक अपलोड करना था। राज्य शिक्षा केंद्र ने फिर से निर्देश जारी किए हैं, अगर संशोधित प्राप्तांकों की एंट्री पोर्टल पर अपलोड नहीं की तो मूल्यांकन अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निर्देश के अनुसार 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद तीन अप्रैल से परीक्षा पोर्टल पर पुनर्गणना की सुविधा लाइव की जा चुकी है। पुनर्गणना के लिए विद्यालय के माध्यम से विद्यार्थियों के पुनर्गणना के आवेदन पोर्टल पर पंजीकृत किए जा रहे हैं। विद्यालयों से कहा गया है कि पोर्टल पर लाग इन कर पुनर्गणना विंडो को ओपन कर 5वीं और 8वीं का चयन किया जा सकता है।

**सीएम ने दिए अधिकारियों को निर्देश-**अधिकारियों ने बताया कि उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने का काम पूरा हो गया है। सभी जिलों में समन्वयक केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने विभाग के अधिकारियों को परीक्षा परिणाम मई के पहले सप्ताह में जारी करने के निर्देश दिए हैं।

## औदित्य ब्राम्हण समाज का सामूहिक विवाह आज

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** औदित्य ब्राम्हण समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रेल को मंदसौर में होगा। जिसमें 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। जिसमें एक जोड़ा तुलसी का भी रहेगा, जिसकी बारात भालोट से बैंड-बाजों डीजे के साथ आएगी। वर-वधुओं का पाणी-ग्रहण संस्कार पंडित घनश्याम शर्मा (पालसोड़ा) सहित 21 यज्ञाचार्य कराएंगे। सुबह 6 से दोपहर 2 तक विभिन्न आयोजन होंगे। समिति अध्यक्ष दिनेश जोशी, जगदीश पंडित, रामप्रसाद शर्मा, शिवनारायण उपाध्याय, राजेन्द्र पड्या, रामचन्द्र जोशी, राधेश्यम शर्मा, महेश शर्मा, दीनदयाल शर्मा बबलू शर्मा आदि समाजजनों से आयोजन को सफल बनाने का अनुरोध किया।

# 2 मई को सभी जिलों में मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

**एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में होगा पौध-रोपण**

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत 2 मई 2025 को प्रदेश में 'लाडली लक्ष्मी उत्सव' जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाडली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाडली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाडली लक्ष्मी योजना मध्यप्रदेश सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों। लाडली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने प्रत्येक जिला और निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं, जिससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सशक्तिकरण का वातावरण तैयार हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाडली लक्ष्मी उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति साझा संकल्प है।

लाडली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाडली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्ज्वलन, लाडली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और 'अपराजिता' कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। इस उत्सव के जरिये जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं तथा लाडली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 'एक पेड़ लाडली लक्ष्मी के नाम' अभियान में जन-प्रतिनिधियों और बालिकाओं द्वारा पौध-रोपण भी किया जाएगा। साथ ही लाडली बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में लाडली क्लब की सदस्य बालिकाएं अपने अनुभव भी साझा करेंगी।

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन एवम सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री सुधीर सिंह निगवाल के निर्देशन में दिनांक 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर किया जा रहा है।



नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहनों को माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश श्री कपिल मेहता ने हरी झंडी दिखाकर न्यायालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधीर सिंह निगवाल, जिला स्थापना पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, एमपीईबी के अधिकारी गण, अधिवक्तागण उपस्थित रहे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुधीर सिंह निगबाल ने बताया कि यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में जाकर लोक अदालत का प्रचार-प्रसार माइक व लाउडस्पीकर के माध्यम से करेंगे एवं आमजन को लोक अदालत से होने वाले फायदे के बारे में जागरूक करेंगे ताकि अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरण लोक अदालत में निस्तारित किए जा सके।

## गुर्जर समाज के 16 जोड़ें बंधेंगे परिणय सूत्र में

**पिपलियामंडी, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** गुर्जर समाज का 16 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रेल को पिपलियापंथ में होगा। जिसमें सात जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। प्रात: 6 बजे बारात आगमन होगा। उसके बाद दोपहर 12.30 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। वर-वधूओं का पाणिग्रहण संस्कार पंडित सत्यनारायण तिवारी सम्पन्न कराएंगें।



## सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाईन में दर्ज प्रकरणों के निराकरण के लिए निरंतर प्रयास करें-चंद्रा

**नीमच, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी अधिकारी सीएम हेल्पएलाईन में दर्ज प्रकरणों के निराकरण के लिए निरंतर प्रयास करें एवं समाधान ऑनलाइन, 100 दिवस के उपर की शिकायतों का निराकरण तुरंत करवाएं और शिकायतें बंद करवाना सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम सीमांकन, नामांतरण, बटाकंन, अभिलेख दुरूस्ती के कार्य में तेजी लाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी एसडीएम सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णभव, एडीएम श्रीमती लक्ष्मीप गामड, संयुक्तय कलेक्टा‍र डॉ.ममता खेडे, सभी एसडीएम, सभी डिप्टीम कलेक्टोर्स एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टणर श्री चंद्रा ने कहा, कि सभी एसडीएम, जनपदों एवं नगरीय निकायों को जिन हितग्राहियों की ई-केवायसी हो गई है और जिनकी ई-केवायसी नहीं हुई है, उनकी सूची उपलब्ध करवाएं। कलेक्टएर श्री चंद्रा ने नीमच जिले में माननीय मुख्यकमंत्री जी के दो सफल कार्यक्रम हुए है। इसके लिए सभी अधिकारियों को बधाई दी है। प्रत्येक विभाग शासन की महत्वतपूर्ण योजनाओं को अमल में लाए। अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम के लिए सभी एसडीएम, सुपरवाईजर, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सचिव, पटवारी निरंतर फिल्डा में रहे और तत्का ल बाल विवाह रोकने के निर्देश दिए। बाल विवाह होने की दशा में उस क्षेत्र के आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सुपरवाईजर के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# विकास की नीव है श्रमिक...

**पत्र संपादक के नाम**

**संपादक की सहमति आवश्यक नहीं**

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** विश्व के कई देशो में मज़दूरों और श्रमिको को सम्मान देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष श्रमिक दिवस एक मई को मनाया जाता हे। श्रम दिवस एक विशेष दिन हे जो श्रम वर्ग व मजदूरो को समर्पित हे। यह श्रमिको के परिश्रम को सम्मानित करने का दिन हे। यह संपूर्ण विश्व में विभिन्न देशो में मनाया जाता हे। श्रम दिवस का इतिहास और उत्पत्ति अलग अलग देशो में अलग अलग हे। किसी भी तरह की उत्पत्ति या उत्पादन बिना समय व श्रम के संभव नही हे। समय, श्रम, धन और श्रमिक एक दूसरे के पूरक भी हे इसमें से किसी भी अंग के कमजोर होने पर वांछित लक्ष्य की प्राप्ति कठिन ही नही असंभव भी हे। क्योंकि जब किसी परिवार, समाज, संस्था, संगठन, राज्य या राष्ट्र की उपलब्ध श्रमशक्ति को पर्याप्त रूप से समय पर अपने योगदान का अवसर नही मिलेगा तो उसके दुष्परिणाम ही सामने आएंगे। देशकाल व परिस्थिति के मान से श्रम से संबंधित कार्यनीति बदलती हे और उसका दायरा भी बदलता जाता हे। श्रमिक दिवस लाखो मजदूरो के परिश्रम, दृढ निश्चय और निष्ठा का दिवस हे। एक श्रमिक देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता हे और उसका देश के विकास में अहम योगदान होता हे। श्रमिको के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना भी नही की जा सकती इसलिए श्रमिको का समाज में अपना ही एक महत्वपूर्ण स्थान हे। देश के विकास में श्रमिको के योगदान की सराहना करने और उनकी पहचान को जानने के लिए एक विशेष दिन निश्चित रूप से जरूरी हे। यह हमारे समाज का वह तबका हे जिस पर समस्त आर्थिक उन्नति टिकी होती हे। यह मानवीय श्रम का सबसे आदर्श उदाहरण हे। श्रमिक सभी प्रकार के क्रियाकलापो की धुरी हे। आज के मशीनी



युग में भी उसकी महत्ता कम नहीं हुई हे। उद्योग, व्यापार, कृषि, भवन निर्माण, पुल एवम सड़को का निर्माण आदि समस्त कार्यों में श्रमिको के श्रम का योगदान महत्वपूर्ण होता हे। श्रमिक दिवस के अवसर पर संपूर्ण समाज को देश की प्रगति, समृद्धि एवम खुशहाली में किए गए श्रमिको के योगदान को नमन करना चाहिए। देश के उत्पादन में वृद्धि और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो उच्च मानक हासिल किए गए हे वे हमारे श्रमिको के अथक प्रयासो का ही परिणाम हे। इसलिए देश की उन्नति और विकास में श्रमिको की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानकर सभी देशवासियो को उनकी सराहना करनी चाहिए। श्रमिक



दिवस पर श्रमिको के अधिकारो, सुविधाओ और उनसे जुड़ी विकट चुनौतियो को लेकर मंचो से, सभाग्रहो से चिंतन मनन की एक बड़ी ध्वनि प्रतिवर्ष की भांति श्रमिक दिवस पर उठेगी किंतु यह अपने साथ श्रमिको की समस्याओ का समाधान करने में कितनी सफल होगी इस पर ईमानदारी से चिंतन करने की आवश्यकता हे। श्रमिक दिवस मनाना केवल ओपचारिकता निभाना न बन जाए। देश के विकास के कर्णधार श्रमिको के हितो की रक्षा और उनके उत्थान के लिए हमे सदेव तत्पर रहना चाहिए।

**गौरव सोनी, मंदसौर**

## जनसुनवाई में 117 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नीमच, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 117 आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमन वैष्णव, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेडे, एस.डी.एम.नीमच श्री संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे, सुश्री किरण आंजना, डॉ.रश्मि श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में लासुर की सागरबाई, कुण्डला के गोपालदास, जीवाजीराव छात्रावास नीमच की ईलुबाई, नीमच सिटी की कविता, कराड़िया महाराज की धापूकुंवर, सावलपुरा के बंशीलाल रावत, जाट की आशिया बी, ढाबा के नंदकिशोर जाटव, जयसिहपुरा के बाबुलाल, तारापुर के आरीफ मोहम्म द, दुदरसी के जगन्नाथ, मालखेडा के जिगनेश, अरनिया बोराना के गोर्धनलाल, सोनियाना के कारूलाल कुमावत ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह महुरोड वार्ड नं. 17 नीमच के जितेन्द्र सोनगरा, रूपपुरा के पुखराज बैरागी, ग्वालटोली नीमच के ताराचंद, उगरान के देवीलाल, कोटडी ईस्तमुरार के श्यानमदास बैरागी, कंजार्ड के हरिराम, रतनगढ की रेखा, राजस्व कॉलोनी के सुरेन्द्रड कुमार गोयल, बिसलवासकलां के कैलाशचंद्र राठौर, कनावटी के रामप्रसाद, सावन की हंसा कुंवर आदि ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसनुवाई में प्रस्तुत कर, अपनी समस्याएं सुनाई।

## बद्रीनारायण भगवान की विशेष आरती आज

**मनासा, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आज 30 अप्रैल को अक्षया तृतीया के



पावन दिवस पर तीर्थ बद्रीनाथ धाम के पट खुलने के अवसर पर परंपरानुसार मनासा के नगर नायक बद्रीविशाल मंदिर पर भी दोपहर 12 बजे बद्रीनारायण भगवान की विशेष महाआरती होगी साथ ही भगवान को विशेष प्रकार का प्रसाद(आम, खरबूजा, ककडी चने की दाल)का नैवेद्य लगाया जायेगा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंदिर परिसर में भक्तजनों की भीड़ भगवान के दर्शन को उमड़ेगी। आज इस विशेष दिवस के अवसर पर रात्रि में वृंदावन से पधारे भजन गायकों द्वारा भव्य भजन संध्या का भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किया गया हे। उक्त जानकारी देते हुवे मंदिर पुजारी जुगनू पंडित ने बताया कीआज अक्षया तृतीया पर भगवान बद्रीनाथ धाम के पट खुलने के साथ ही नगर के बद्री नारायण मंदिर पर भी बद्री नारायण भगवान की विशेष पूजा अर्चना की जाती हे साथ ही भगवान को नए ऋतु फलों का नैवेद्य लगाया जाता हे जिसमें भक्तों द्वारा लाए गए ख़रबजे ककडी चने की दाल आदि शामिल होते हे का नैवेद्य लगाया जायेगा। इस पवन अवसर पर रात्रि 8.30बजे मंदिर परिसर में वृंदावन से पधारे भजन गायकों द्वारा भजन संध्या का भक्तिमय कार्यक्रम होगा। पुजारी जगनु पंडित ने नगर के सभी धर्मप्रेमियों से अक्षया तृतीया पर बद्री नारायण मंदिर कर आयोजित विशेष कार्यक्रम में आने की अपील की है।

# मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही छह महीने के अंदर पीओके भारत का हिस्सा होना था, क्या हुआ मुख्यमंत्री योगी के दावे का...!

**मंदसौर / उज्जैन, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** बीते लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने प्रचार के दौरान श्रोताओं को सार्वजनिक भाषणों में दावा किया था कि मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो 06 महीने के भीतर पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अंग बन जाएगा। ऐसा होना तो अभी सपना ही है, इसके उलट जैसा कि सरकार ही कह रही है कि पाक आतंकियों ने भारत के 28 पर्यटकों की पहलगाम में सरेआम हत्या कर दी है। मोदी सरकार की खुफिया एजेंसियां मुंह ताकती रही। जबकि, राष्ट्रीय अखबारों में खबरें हैं कि आतंकियों की टीम पहले ही पर्यटकों के रुकने वाली होटलो की रेकी कर चुकी थी। अचरज वाली बात ही है की रेकी करने से लेकर हथियार समेत आतंकियों ने भारतीय सीमा में प्रवेश किया और निर्दोष पर्यटको की हत्या भी कर दी। इतना होना शायद जिम्मेदारों के लिए कुछ नहीं था कि सरकारी एजेंसी बेबाक शेखी बघार रही है कि कहीं भी कोई चूक नहीं हुई है। नुक्कड़ चर्चाओं में मजाक किया जा रहा है कि जैसे पर्यटकों ने ही सूचना देकर आतंकियों को बताया होगा कि हम आ गए हैं, तुम अपने काम को अंजाम दे सको तो दे दो! इस सच्ची पर अजीब घटना के दौरान यह भी हुआ कि सर्वदलीय बैठक में सरकार के एक मंत्री किरण रिजीजू ने चूक होना स्वीकारा भी था, पर बाद में अपनी ही चूक को नजरअंदाज कर गए।

घटना बहुत ही दुखद थी, गृहमंत्री अमित शाह घटना के बाद तत्काल बाद मौके पर पहुंचे भी तो अधिकारियों ने उनके मंत्रित्व का प्रोटोकॉल प्राथमिकता से निभाया। रेड कार्पेट बिछाकर, पर्यटकों की मृत्यु पर संवेदना भाव को दोयम दर्जे पर रख सरकार की कमियों तक आलोचकों की नजरों को पहुंचने का काम कर दिया था। वरन हो सकता था कि विरोधी इतनी बारीकी से घटनाक्रम को नहीं निहारते।


चन्द्रमोहन भगत

खैर, गृहमंत्री तो मौके तक पहुंचे भी प्रधानमंत्री सर्वदलीय बैठक में शामिल न होकर बिहार में राजनीतिक सभा को संबोधित करने निकल गए थे। जबकि इतने गंभीर मुद्दे पर जो कुछ भी देश की जनता से, विपक्ष से कहना चाहिए था प्रधानमंत्री को ही कहने की परंपरा रही है। खैर डबल इंजन सरकार न निभा रही है ना ही अपने हूंकार भरे सार्वजनिक वायदे। पहलगाम घटना में तो अनजान बन रहे हैं, खुफिया एजेंसियों के साथ पर पुलवामा के पहले तो अनेक सूचना मिली हुई थी। फिर भी 2547 जवानों को एयरलिफ्ट करने की बजाय 78 वाहनों में भेज कर कहीं जवानों को आतंकियों का टारगेट बनने का अवसर दे दिया था जवानों पर हमला करने का! सीआरपीएफ के अधिकारी बी पी एस पवार ने घटना के बाद स्वीकारा था कि जवानों को सुरक्षा की दृष्टि से एयरलिफ्ट कराना था ना की सड़क मार्ग से भेजना। हमारे खुफिया नेटवर्क और सरकार के लचिलापन के कारण सीरीज की तरह आतंकी हमले लगातार होते आ रहे हैं। नवंबर 2015 नागरकोटा अटैक, जुलाई 2017 अमरनाथ, फरवरी 2018 संजूवन, फरवरी 2019 पुलवामा, मार्च 2019 जम्मू बस स्टैंड, जून में अवंती पूरा इंडियन पैरामेडिकल सेंटर, 2023 में पूंछ राजौरी और 2024 में रिआसी और अब पहलगाम अटैक। इन हमलों और 2014 के पहले के आतंकी हमलों में सरकार का मुखिया विपक्ष, मीडिया और जनता के सवालों का जवाब देता रहा है। वर्तमान में जवाबदारी तय करना तो दूर जवाब देने से ही गुरेज किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत के प्रधानमंत्री के 56 इंच सीने का, लाल आंखों का, ना ही भारत की राष्ट्रीय आंतरिक सुरक्षा के प्रमुख के नेटवर्क का कोई असर नजर आ रहा है। इसके उलट पाकिस्तान को दी गई चेतावनी जैसे सिंधु नदी परियोजना का पानी रोकना, और शिमला समझौता निरस्त करना, दूतावास में छंटनी करना जैसी कार्रवाई भारत के लिए ही नुकसान देह साबित न हो जाए!



## आठ साल में पहली बार हुई कार्रवाई...

# नरवाई जलाने से प्रभावित हो रहा मिट्टी का प्रोटीन

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नरवाई जलाना खेत की मिट्टी के लिए हानिकारक है। विशेषज्ञों के अनुसार इससे मिट्टी का प्रोटीन आर्गेनिक कार्बन घटकर 0.6 पॉइंट पर आ जाता है। इसका 1 पॉइंट से नीचे जाना ही खतरनाक होता है। इस पर जिले में राजस्व विभाग का अमला गांवों में पहुंचा है। 08 साल में पहली बार राजस्व व कृषि विभाग ने कार्रवाई करते हुए अब तक 28 किसानों से 01 लाख से ज्यादा का जुर्माना भी वसूल लिया है। जिले में सेटेलाईट से इस बार 80 से ज्यादा नरवाई जलाने के मामले सामने आए है।

नरवाई (पराली) जलाने पर प्रतिबंध है। हर साल कृषि विभाग, जिला प्रशासन की समझाइश के बावजूद किसान नरवाई जलाते हैं। इस साल अर्थदंड की राशि बढ़ाने के साथ सजा का भी प्रावधान शामिल किया। साथ ही जिला प्रशासन को सख्ती बरते के भी निर्देश थे। इस पर प्रशासन जागा और राजस्व विभाग के मैदानी अमले को कारवाई करने के निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक सैटेलाइट माध्यम से कृषि विभाग को नरवाई जलाने के 100 से अधिक मामलों की रिपोर्ट मिली थी। बावजूद जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया। चालू वित्तीय वर्ष की बात करें तो कृषि विभाग को सैटेलाइट रिपोर्ट से 81 मामले ट्रेस होने की जानकारी मिली थी। जब यह कलेक्टर के पास पहुंची तो उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को गांवों में मौका स्थल निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। अमला मैदान में पहुंचा तो उसे 28 जगह नरवाई जलाने के अवशेष मिले। हालांकि दो एकड़ से कम भूमि पर नरवाई जलाने के मामले थे। ऐसे में प्रत्येक से ढाई-ढाई हजार रुपए का अर्थदंड वसूला।

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार खेतों में अगली फसल बुआई आसानी से हो सके, इसके लिए किसान नरवाई जलाते हैं। यह मिट्टी के लिए बिल्कुल भी सही नहीं है। पुरानी फसल के अवशेष से खेत में कंपोस्ट तैयार हो जाता है। इससे आर्गेनिक कार्बन की मात्रा अच्छी रहती है और उत्पादन क्षमता बढ़ती है। जहां नरवाई जलाई जाती है, वहां आर्गेनिक कार्बन की मात्रा घटकर 0.6 पॉइंट से भी नीचे चली जाती है। जबकि, 1 पॉइंट से अधिक रहना चाहिए, जहां नरवाई नहीं जलाई जाती है, वहां 2.5 से 6.0 पॉइंट तक रहती है। दूसरी तरफ मिट्टी में मौजूद पोषक तत्व नष्ट होने के साथ लाभकारी बैक्टीरिया भी मर जाते हैं। जो कि आर्गेनिक कार्बन के लिए जरूरी होते हैं।

# मप्र में इस सत्र से पीजी में एक साथ दो डिग्री ले सकेंगे विद्यार्थी

**भोपाल, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सत्र 2025-26 से स्नातकोत्तर (पीजी) में विद्यार्थी एक साथ दो डिग्री ले सकेंगे। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। यूजीसी द्वारा पीजी पाठ्यक्रम के लिए जारी करिकुलम और क्रेडिट फ्रेमवर्क के आधार पर यह अधिसूचना जारी की गई है। इसके तहत अब विद्यार्थियों को अपनी पसंदीदा डिग्री चुनने में विषय आदि संबंधी कोई रुकावट नहीं होगी। उदाहरण के लिए, यदि कोई विद्यार्थी एमए कर रहा है तो उसी विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से एमकाम या एमएएससी की डिग्री ले सकता है। अगर दोनों डिग्री की परीक्षाएं एक साथ होंगी तो उसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय या महाविद्यालय की नहीं होगी।

**समय की बचत होगी-** अगर विद्यार्थी एक साथ दो डिग्री करेंगे तो उनके समय की बचत होगी। वे एक साथ दो डिग्री एक साल में पूरी कर सकेंगे। इससे उनके पास आगे करियर में ज्यादा विकल्प उपलब्ध होंगे। विद्यार्थियों को विषय चुनने की स्वंतत्रता होगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मल्टीडिस्पिलनरी (बहुविषयक) को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब यूजी या पीजी के विद्यार्थियों के पास कोई भी विषय चुनने की स्वंतत्रता होगी। विद्यार्थियों को यह बाध्यता नहीं होगी कि उन्होंने 12वीं में जो विषय लिया है, उसी में पढ़ना है। विद्यार्थी किसी भी विषय को लेकर आगे पढ़ाई कर सकते हैं।

**कई विकल्प भी होंगे-** विद्यार्थियों को डिग्री में किसी एक विषय में कुल क्रेडिट का 50 प्रतिशत हासिल करना होगा। बाकी क्रेडिट स्किल कोर्स, इंटर्नशिप और अन्य विषयों से लिए जा सकते हैं। पीजी पाठ्यक्रम के लिए दो या एक साल का समय होगा। इस सुविधा का लाभ उठाकर विद्यार्थी कम समय में डिग्री पूरी करेंगे। पहले या दूसरे सेमेस्टर के परिणाम के आधार पर विकल्प चुन सकते हैं।

**ये तीन विकल्प होंगे कोर्स वर्क-** इस विकल्प में विद्यार्थी केवल निर्धारित पाठ्यक्रम (थ्योरी पेपर, प्रैक्टिकल, असाइनमेंट आदि) को पढ़ते हैं और पूरा करते हैं। यह उनके लिए उपयुक्त है जो अकादमिक ज्ञान लेना चाहते हैं, लेकिन शोध के क्षेत्र में नहीं जाना चाहते। कोर्स वर्क व रिसर्च वर्क (डिसटेंशन/प्रोजेक्ट)- इसमें विद्यार्थी पाठ्यक्रम के साथ-साथ एक रिसर्च प्रोजेक्ट, थीसिस या डिजरटेशन भी करते हैं। यह उन विद्यार्थियों के लिए है जो आगे पीएचडी, रिसर्च या अकादमिक क्षेत्र में जाना चाहते हैं।

**रिसर्च वर्क-** इसमें विद्यार्थी कोर्स वर्क की जगह केवल रिसर्च आधारित कार्य करते हैं, यानी एक विस्तृत रिसर्च प्रोजेक्ट या थीसिस। यह विकल्प केवल उन्हीं विद्यार्थियों के लिए हो सकता है जो पहले से किसी क्षेत्र में विशेषज्ञता रखते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों के पास पीजी में एक साथ दो डिग्री करने का विकल्प होगा। इससे विद्यार्थी कम समय दो डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।

**प्रज्ञेश अग्रवाल, संचालक, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान**



# विद्यार्थियों को दी साईबर फ्राड की जानकारी

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम नयागांव स्थित शासकीय आईटीआई महाविद्यालय में संस्था अरूणोदय सर्वेश्वरी लोक कल्याण समिति द्वारा आईशर फाउण्डेशन के वित्तीय सहयोग से डिजिटल साक्षरता एवं डिजिटल साईबर फाड विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभिन्न ग्रामो से आये विद्याथीयो को डिजिटल वित्तीय साक्षरता एवं साईबर फाड के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की, कम से कम 15 से 20 ग्रामो तक जानकारी पहुचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में संस्था के ट्रेनर श्री आई.ए. मन्सुरी द्वारा साइबर फाड विषय पर उपस्थित जनो को साईबर फ्राड के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उनके द्वारा बताया कि किस प्रकार साइबर ठग आपकी जमा पूंजी को विभिन्न आधुनिक तरीके से ठग सकते है। इसके लिये सर्तकता जरूरी है। डिजिटल सर्तकता रहेगी तो कोई भी आपको नुकसान नहीं पहुचा पायेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ आईटीआई महाविद्यालय के प्रिंसीपल श्री मुकेश मोर्य एवं श्री राहुल गौड द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। संस्था के ट्रेनर श्री राजेश जोशी द्वारा उपस्थित जनो को साईबर फाड व सोशल मिडिया प्लेटफार्म, ऑनलाईन पेमेन्ट, फर्जी वेबसाईट आदि के बारे में उदाहरण सहित रोचक जानकारी से अवगत कराकर सावधान रहने हेतु जानकारी दी गई। संस्था के ट्रेनर श्री प्रवीण शर्मा द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में मोबाईल से होने वाली वित्तीय धोखाधडी की सत्य घटनाओ से ग्रामीण जन को बताकर जागरूक रहने को कहा किसी भी प्रकार का ओटीपी या लिंक शेयर नहीं करना नही तो आपके साथ धोखाधडी हो सकती है, सर्तकता ही बचाव है एवं डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई कानुन नहीं होता है। ऐसा कोई भी अधिकारी नही कर सकता है, जानकारी दी गई। संस्था के ट्रैनर श्री सुरेन्द्र सिंह भदोरिया द्वारा उपस्थित जनो को वित्तीय साक्षरता के बारे में विस्तृत जानकारी दी उनके द्वारा विभिन्न शासकीया योजनाओ की जानकारी भी उपस्थित जनो को दी गई। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से शार्ट फिल्म द्वारा साईबर फ्राड से बचने की जानकारी भी दी गई संस्था द्वारा उपस्थित जनो का रजीस्ट्रेशन किया गया एवं सर्तकता किट दी गई, जिसमे साईबर जागरूकता पेम्पलेट, बजट डायरी, पेन दिये गये। साथ ही उपस्थित प्रत्येक जन को उपहार स्वरूप पानी की बाटल भी भेट की गई।

# सूने मकान से तीन लाख की चोरी

**रतलाम, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शहर के औद्योगिक थाना क्षेत्र में चोरों ने एक अनाज व्यापारी के सूने मकान से डेढ़ लाख रुपए नकद और सोने के आभूषण चुरा लिए। इसी दौरान बदमाशों ने एक अन्य मकान में भी सेंध लगाने का प्रयास किया, लेकिन वहां से खाली हाथ लौटना पड़ा। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। कस्तूरबा नगर गृह निर्माण समिति की गली नंबर 06 निवासी अनाज व्यापारी मनीष सोमानी के मकान में चोरी की वारदात हुई। सोमानी नायन गांव में रहते हैं और शहर के मकान में आना-जाना लगा रहता है। रविवार दोपहर वे मकान पर आए और कुछ देर बाद वापस गांव चले गए। सुबह पड़ोसियों ने मकान के ताले टूटे देखे और परिवार को सूचित किया। मौके पर पहुंचे सोमानी ने बताया कि चोर मकान से 1.70 लाख रुपए नकद और करीब 1.35 लाख रुपए कीमत की तीन सोने की अंगूठियां ले गए। कुल मिलाकर लगभग 3.05 लाख रुपए की चोरी हुई है। इसी बीच एमबी नगर में भी एक सूने मकान के ताले तोड़े गए। लेकिन, किसी के आने पर बदमाश भाग निकले। यह घटना 28 अप्रैल की सुबह की है और सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस को आशंका है कि दोनों वारदातों को एक ही गिरोह ने अंजाम दिया है। सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पीड़ित ने थाने में आवेदन दिया है, उसने बताया कि टीआई के आने के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

## जनसुनवाई के दौरान समस्याएं सुनी

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल चौहान द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 50 आवेदकों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान गौचर एवं मंदिर की भूमि पर कब्जा हटाने, पीएम किसान सम्मान निधि, वेतन नहीं मिलने, मकान का रिकार्ड मौके अनुसार दर्ज नहीं होने, खाद्यान पर्ची, प्रधानमंत्री आवास, आर्थिक सहायता, संबल योजना की राशि, नल कनेक्शन, आर्थिक सहायता एवं नामांतरण आदि तरह तरह के आवेदन आए।

# कल से शुरू शिवना शुद्धिकरण अभियान में हर वर्ग सहभागिता करें-विधायक जैन

**प्रतिदिन 7 से 9 बजे तक किया जाएगा श्रमदान**

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जागरूक विधायक विपिन जैन ने जिले के सभी सामाजिक व धार्मिक संगठनों, व्यापारी बन्धुओं, मीडिया साथियों, शासकीय सेवकों, गणमान्य नागरिकों से 1 मई, गुरूवार से प्रतिदिन प्रात: 7 से 9 बजे तक शुरू किये जा रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान में सहभागिता करने की आव्हान किया है।

विधायक श्री जैन ने कहा कि बारिश का समय शुरू होने वाला है। ऐसे में बरसात पूर्व शिवना नदी का शुद्धिकरण एवं गहरीकरण आवश्यक है। मॉ शिवना का पावन जल का लाभ सम्पूर्ण नगर सहित क्षेत्रवासियों को मिलता है ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि नगर के मुख्य पेयजल स्त्रोत शिवना नदी को साफ व स्वच्छ रखे। शासन के साथ-साथ हम सभी की भी महती जिम्मेदारी है कि भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के चरणों में बह रही शिवना नदी को शुद्ध रखे। मेरा संकल्प भी है कि इस नदी का जल साफ व स्वच्छ हो और इसका लाभ हमें तथा हमारी आने वाली पीढ़ी मिलता रहे। विधायक श्री जैन ने सभी आम जनता से 1 मई से प्रतिदिन प्रात: 7 से 9 बजे तक चलने वाले शिवना शुद्धिकरण अभियान में दो घण्टे श्रमदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागिता करने का अनुरोध किया है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने दी।



# सकल ब्राह्मण समाज का चल समारोह आज

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव (अक्षय तृतीया) की संध्या पर दिनांक 30 अप्रैल बुधवार को सकल ब्राह्मण समाज एक चल समारोह निकलेगा। यह चल समारोह परशुराम वाटिका राम टेकरी से प्रारंभ होकर मित्रवत्सला के पास से महू नीमच रौड, महाराणा प्रताप चौराहा से पामेचा प्रतीक्षालय, गुप्ता कचोरी, पंडित ओमप्रकाश पुरोहित मार्ग, आनंद गरबा मंडल, बैंक आफ इंडिया चौराहा से जनपद कार्यालय परिसर पर समाप्त होगा। जहां एक भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति के संयोजक पंडित बसंत शर्मा सहसंयोजक पंडित जितेंद्र व्यास तथा सकल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित दिलीप शर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज की प्रदेश सचिव श्रीमती विद्या उपाध्याय, प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती सीमा नागर, जिला महासचिव श्रीमती किरण गौड सहित महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती नीता चौबे ने समस्त ब्रह्मजनों से चल समारोह में भाग लेकर सफल बनाने का आग्रह किया है।



## बगैर लायसेंस खरीद ...

पेज 1 से जारी

कंपनी के संचालक के साथ ठगी का प्रयास किया गया। इस संबंध में संचालक ने बताया कि आज 5080 के भाव से अनुमानित दो बोरी लहसुन उनके द्वारा खरीदी गई। इसके कुछ समय बाद मौके पर पहुंचने पर माल ही नहीं था। जब व्यापारी ने इस संबंध में दुकान पर जानकारी ली। तो पता चला कि कोई व्यक्ति सात बारदान लेने आया है। पूछताछ करने पर फर्जीवाड़ा सामने आया। पर्ची और माल किसी के द्वारा खरीदा गया था। मंडी प्रबंधन को इस बात की जानकारी दी गई। बाद में आरोपी को पुलिस के हवाले किया गया।

मंडी व्यापारियों में इस तरह की घटनाओं को लेकर आक्रोश है। व्यापारियों ने इसमें मंडी प्रबंधन को भी जिम्मेदार बताया है। व्यापारियों का कहना है कि किसान से माल लिया जाता है। इसके बाद दूसरी पर्ची लगा दी जाती है। एक बोरी की पर्ची की जगह दस बोरी की पर्ची लगा दी जाती है। इसमें कहीं न कहीं मंडी प्रबंधन से जुड़े लोगों की मिलीभगत होने की आशंका भी व्यापारियों ने जाहिर की है।


## भूपेन्द्रसिंह सिसोदिया, हाईकोर्ट एडवोकेट

पता-30, नगर निगम काम्पलेक्स, अशोक नगर, उज्जैन (म.प्र.)

### ✻✻ जाहिर सूचना ✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सुवासरा तहसील सुवासरा, जिला मंदसौर म.प्र. स्थित कृषि भूमि सर्वे नं. 912, 913, 914, 915, 916, 917, 1492/911 कुल किता 7 कुल रकबा 1.988 हेक्टेयर कृषि भूमि पर मुल्ला हुसैन वल्द अब्दुल बोहरा, निवासी सुवासरा के वैध वारिसानों के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने के निर्देश श्रीमान कलेक्टर महोदय, मंदसौर द्वारा प्रकरण क्रमांक 222/बी-121/2019-20 में आदेश दिनांक 07.11.2023 के माध्यम से तहसीलदार महोदय, सुवासरा को निर्देश जारी किये गये थे। जिस पर तहसीलदार महोदय द्वारा प्रकरण क्रमांक 104/अ-6/2024-25 प्रकरण कायम करते हुए वारिसों के नाम दर्ज करने का आदेश दिया है, किन्तु उक्त आदेश में अन्य महत्वपूर्ण वारिस जिनका हित निहित है, छूट गये है। इसका अनुचित लाभ प्राप्त कर जिन लोगों के नाम दर्ज किये गये है उन्होंने अवैध रूप से अपने हक व कर जिन लोगों के नाम दर्ज किये गए है उन्होंने अवैध रूप से अपने हक व अधिकार से परे जाकर विक्रय/दानपत्र के माध्यम से उक्त भूमियों के अंतरण हेतु दस्तावेज निष्पादित किये है। जिनके विरुद्ध मेरे पक्षकार हातिम नियाज व माता रबाब पति नजमुद्दीन नियाज निवासी-782, खातीवाला टेंक, अर्जुन अपाटमेंट, फ्लेट नं. 401, इंदौर (म.प्र.) की ओर से उक्त नामांतरण आदेश के विरुद्ध अपील एवं विक्रय तथा दानपत्र निष्पादन के विरुद्ध सिविल न्यायालय में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। ऐसी स्थिति में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि का क्रय विक्रय अन्य किसी प्रकार अंतरण प्रतिफल रहित या सहित न करें अन्यथा मेरे पक्षकार तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों पर उक्त कार्यवाही बंधनकारक नहीं होगी तथा ऐसा अंतरण न्यायालय द्वारा कानूनी उपबंधों के दायरें में निरस्त किया जा सकता है। सो सूचित हो।

इति, दिनांक-22.04.2025

भूपेन्द्रसिंह सिसोदिया
हाईकोर्ट एडवोकेट



## ✻ उठावना ✻

सूचित किया जाता है कि स्व. हीरालाल जी के पुत्र, पुरूषोत्तम जी, स्व.लक्ष्मीनारायणजी के भतीजे, स्व.रघुनन्दनजी, घनश्याम, संजय, पंकज के बड़े भाई, आरूष के बड़े पापा एवं संतोष (दादू) के पुजनीय पिता जी श्री दिलीप जी बारोड़ (मुन्ना भाई) तेलवाले का स्वर्गवास दिनांक 28/04/2025 को हो गया है जिनका उठावना दिनांक 30/04/2025 प्रात: 10.30 बजे निज निवास सत्यम विहार, श्री जी पार्क के पास मंदसौर पर रखा गया है।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
समस्त बारोड़ परिवार, मंदसौर



## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक/ मंदसौर दिनांक

**विज्ञप्ति**

विषय-वाहन क्रमांक एमपी 14 एए 4608 के मूल नस्ती की प्रमाणित नहीं मिलने हेतु।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आपके नाम से पंजीकृत वाहन एमपी 14 एनए 5581 मोटर सायकल के अंतरण/डूप्लिकेट/फाईफायनेंस/फायनेंस निरस्त किये जाने हेतु आवेदक द्वारा आपके हस्ताक्षरित फार्म 20, 30, 29 एवं फायनेंस निरस्त हेतु 35 निर्धारित शुल्क जमा कर प्रस्तुत है।

आपको इस पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस संबंध में आपका अभ्यावेदन यदि कोई हो, आपके द्वार इस सूचना पत्र की तारीख से सात दिवस के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करें। नियत समयावधि उपरान्त आगामी कार्यवाही करते हुए आवेदन का निराकरणर कर दिया जावेगा। सो सूचित हो।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर



## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक-क्यूयूई मंदसौर, दिनांक-28.04.2025

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 जीसी 2235 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में दिनेश पिता शांतिलाल निवासी 498, वार्ड 10, नई आबादी, तहसील दलौदा, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 14.04.2024 को हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती पिंकीबाला पति दिनेश निवासी नई आबादी, तहसील दलौदा, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर



## राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 163/2025 दिनांक 29.04.2025

### ✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा सुनील राठौर पिता उमेश राठौर निवासी मकान नं 863, वार्ड नं 14, कयामपुर, तह. सीतामऊ, जिला-मंदसौर से आवासीय मकान ग्राम आबादी सर्वेक्षण संख्या/ब्लाक संख्यांक-453 के भूखण्ड संख्यांक-1374, प.ह.नं. 00012, पर दर्ज होकर, पता- ग्राम कयामपुर, तह. सीतामऊ, जिला-मंदसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. MP15IGR17872025A10023541, दिनांक 23.04.2025 से मेरे पक्षकार मुस्कान पिता शिवलाल निवासी ग्राम सेदरामाता, तह. सीतामऊ, जिला-मंदसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय सीतामऊ में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है:-

पूर्व में- देवीलाल व बंशीलाल पिता बक्शीराम जी का मकान, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-अंतिम पिता कोमल का मकान, दक्षिण में-शामलाती रास्ता व पवन सेठिया का मकान, पैमाईश रकबा-441.320 वर्गफीट या 41 वर्गमीटर

उक्त सम्पति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIA SHELTER NDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/ बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, वरना बाद गुजारने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर



## राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 162/2025 दिनांक 29.04.2025

### ✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा दिनेश महाजन पिता ओमप्रकाश महाजन निवासी ग्राम बर्डिया बरखेडा, तह. सीतामऊ, जिला-मंदसौर से आवासीय मकान/भवन पंजी मकान नं 50 पर दर्ज होकर, पता ग्राम बर्डिया बरखेडा, तह. सीतामऊ, जिला-मंदसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. MP249412024A1984328, दिनांक 02.08.2024 से मेरे पक्षकार पूजा संजय झाटे पति दिनेश महाजन, निवासी ग्राम बर्डिया बरखेडा, तह. सीतामऊ, जिला-मंदसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय सीतामऊ में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में- नरसिह का मकान, पश्चिम में-रतनलाल का मकान, उत्तर में-आम रास्ता, दक्षिण में-रामेश्वर का मकान, पैमाईश रकबा-900 वर्गफीट या 83.61 वर्गमीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIA SHELTER NDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/ बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, वरना बाद गुजारने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in